Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 07-12-2006

Participants : Dubey Shri Chandra Shekhar

an>

Title: Need to conduct a CBI inquiry into reported large scale bungling in various welfare schemes for retired army men and their widows.

श्री चन्द्र शेखर दूबे (धनबाद): महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान भूतपूर्व सैनिकों एवं उनकी विधवाओं के लिए गठित महानिदेशालय- पुनर्वास विभाग की ओर आकृट करना चाहता हूं, जिसने भूतपूर्व सैनिकों और उनकी विधवाओं के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं, परंतु उसका सही लाभ उनको नहीं मिल पा रहा है। इसका एक उदाहरण टेलीविज़न चैनल आई. बी.एन.-7 से प्रसारित समाचार है जिसमें एस.ई.सी.एल. कोल कंपनी में अरबों रुपये के बड़े घोटाले ने सरकार के सामने खुली चुनौती रख दी है। इस खुलासे से यह स्पट होता है कि इन भूतपूर्व सैनिकों, इनकी विधवाओं के नाम पर व्यापक पैमाने पर माफियाओं ने एकाधिकार स्थापित कर रखा है। भूतपूर्व सैनिकों एवं उनकी विधवाओं को चंद लाभ देकर अरबों रुपये के घोटाले किये हैं। ऐसा ज्ञात हुआ है कि आइरन कोल कंपनी अपने यहां कार्यरत मज़दूरों को उचित मज़दूरी न देकर उनका शोाण कर रही है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस संबंध में सीबीआई से जांच कराई जाए और दोाी अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Only the approved text will go on record. Beyond that, nothing is going on record. This is not going on record.

(Interruptions) ...*